SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जून – 2015

## ऊर्जा मंत्री ने किया नजफगढ़ में बीआरपीएल के 66/11 केवी ग्रिड सब – स्टेशन का उद्घाटन

दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने नजफगढ़ में बीआरपील के 66/11 केवी ग्रिड का उद्घाटन किया। 24 करोड़ रूपये की लागत से तैयार यह ग्रिड पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ और आसपास के कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति को और बेहतर बनाएगा। इस ग्रिड से 3 लाख लोग लाभान्वित होंगे।

उद्घाटन के मौके पर माननीय विधायक श्री कैलाश गलहोत (नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र), श्री गुलाब सिंह यादव (मटियाला) और श्री नरेश बलियान (उत्तम नगर) के अलावा, दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बीआरपीएल सीईओ श्री अरविन्द गुजराल के नेतृत्व में बीएसईएस के अधिकारी भी वहां उपस्थित थे।

## रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट लगाने वाली पहली डिस्कॉम बनी बीएसईएस

बीएसईएस, रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट लगाने वाली दिल्ली की पहली बिजली वितरण कंपनी बन गई है। बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने कुल छह नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट लगाए हैं। ये प्रोजेक्ट्स सौर ऊर्जा से 86 किलोवॉट बिजली का उत्पादन कर सकते हैं।

बीआरपीएल ने दक्षिण और दक्षिण–पश्चिम दिल्ली में पाच रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट्स लगाए हैं। इनमें से चार घरेलू प्रजेक्ट्स हैं, जो कैलाश कॉलोनी, पुष्पांजलि, जीके 3 और पुष्पविहार में लगाए गए हैं। पांचवां प्रोजेक्ट व्यावसायिक है। इसे भी पुष्प विहार में लगाया गया है। ये पांचों कनेक्शन कुल 66 किलोवॉट बिजली का उत्पादन कर सकते हैं। संबंधित उपभोक्ताओं को, इन प्रोजेक्ट्स से 3000 से लेकर 32000 रूपये के बीच बचत होने का अनुमान है।

## थर्ड पार्टी से भी करवा सकते हैं मीटर की जांच

अगर आप अपनी बिजली कंपनी द्वारा की गई मीटर की जांच के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो किसी तीसरी स्वतंत्र पार्टी से अपने मीटर की जांच करा सकते हैं। दिल्ली सरकार के पब्लिक ग्रिवैंस सेल यानी पीजीसी ने सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट यानी सीपीआरआई के साथ, इस सिलसिले में एक समझौता किया है। यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। इस संस्था से जांच करवाने के लिए शुल्क हैंः सिंगल फेज मीटर के लिए 200 रूपये और थ्री फेज मीटर के लिए 500 रूपये।

इच्छुक लोग निम्नलिखित पते पर पीजीसी से संपर्क कर सकते हैंः

पब्लिक ग्रिवैंस सेल, ऊर्जा विभाग, दिल्ली सरकार
33 केवी एसएलडीसी बिल्डिंग, सिविल सेंटर के निकट
मिंटो रोड – टैगोर रोड, नई दिल्ली – 110002

टेलीफोन नंबरः 1800 11 2222, 2323 0593, 2323 6596, 2323 4028
वेबसाइट: www.bijlipgr.gov.in

## प्रगति में साझीदार अपने उत्कृष्ट सहभागियों से मिली बीआरपीएल टीम

बीआरपीएल ने एक उत्कृष्ट सहभागी ग्रुप का गठन किया है, जिसमें उपभोक्ताओं और आरडब्ल्यूएज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल हैं। इस पहल के तहत, बीआरपील, प्रगति में अपने भागीदारों से और भी ज्यादा बेहतर व सकारात्मक रिश्ते बनाना चाहती है। उत्कृष्ट सहभागी जहां एक ओर बीआरपीएल की विभिन्न सेवाओं में और सुधार लाने की दिशा में अपने महत्वपूर्ण फीडबैक देंगे, वहीं दूसरी ओर वे उसके कार्यक्रमों और पहल आदि में सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे।

पहला उत्कृष्ट सहभागी सम्मेलन अभी हाल में आयोजित किया गया, जहां बीआरपीएल सीईओ श्री अरविन्द गुजराल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागियों के साथ उपभोक्ता केंद्रित विभिन्न मुद्दों पर सलाह–मशविरा किया।

## डॉयल 1800–10–39707ः आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए बीआरपीएल ने 24x7 कार्य करने वाले एक टोल फ्री नंबर को उपभोक्तओं के लिए समर्पित किया है।

यह समर्पित नंबर बीआरपीएल के मौजूदा 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 जिस पर आपातकाल एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं, के अतिरिक्त है।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy